an>

Title: Need to provide adequate financial assistance for Chambal Bhilwara Drinking Water Project in Rajasthan and also expedite environmental clearance for the execution of the project in Chhittorgarh district of the State.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : राजस्थान में पेयजल की गंभीर समस्या है पिछले वर्षों में कम बारिश के कारण भीलवाड़ा जिले के सतही एवं भूगर्भीय स्रोतों में पानी कमी के कारण पेयजल वितरण 96-120 घंटे के अंतराल पर हो रहा है। वर्तमान में ट्रेन द्वारा बीसलपुर बांध का पानी भीलवाड़ा शहर को प्राप्त हो रहा है परंतु समस्या जस की तस बनी हुयी है। ऐसी स्थिति में भीलवाड़ा जिले में दीर्घकालीन पेयजल समस्या समाधान हेतु चम्बल भीलवाड़ा परियोजना का काम प्रगति पर है जिसमें इस वर्ष एनआरडीडब्ल्यूपी से 130 करोड़ का बजट प्रावधान हे लेकिन परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए और बजट की आवश्यकता है इसे बढ़ाया जाना चाहिए ताकि परियोजना का प्रथम फेज का कार्य शीघ्र पूरा हो सके तथा इसकी के साथ परियोजना के अन्तर्गत चितौड़गढ़ जिले (राजस्थान) में निर्माणाधीन इन्टेक वेल एवं पाईप लाईन हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से नीतिगत स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है किंतु इसकी अंतिम स्वीकृति विचाराधीन होने से कार्य में विलंब हो रहा है अतः इसकी शीघ्र स्वीकृति भी अपेक्षित हे।